भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्
CENTRAL COUNCIL OF INDIAN MEDICINE

(भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 के अधीन गठित)

(Constituted under I.M.C.C. Act, 1970)

वार्षिक प्रतिवेदन और परीक्षित लेखा

(1990-91)

Annual Report and Audited Accounts

(1990-91)

1ई/6, स्वामी रामतीर्थ नगर, नई दिल्ली-110055
1E/6, Swami Ramtirth Nagar, New Delhi-110055

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्

(भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 के अधीन गठित)

वार्षिक प्रतिवेदन और परीक्षित लेखा
(1990–91)

1-ई/6, स्वामी रामतीर्थ नगर, नई दिल्ली-110055







भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्

नई दिल्ली-110055

वर्ष 1990–91 के लिए वार्षिक प्रतिवेदन

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 के अधीन गठित एक सांविधिक निकाय है। प्रथम परिषद् का गठन 1971 में किया गया था। भारत के असाधारण राजपत्र भाग-II खण्ड 3 उपखण्ड (ii) दिनांक 7–5–84 में भारत सरकार की अधिसूचना के द्वारा परिषद् का पुनर्गठन 1984 में किया गया था।

केन्द्रीय परिषद् के मुख्य प्रयोजन निम्न हैं :–

(i) भारतीय चिकित्सा पद्धति यथा आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी के पाठ्यक्रमों के लिए शिक्षा के न्यूनतम मानक विहित करना।

(ii) भारतीय चिकित्सा की चिकित्सीय अर्हताओं की मान्यता से सम्बन्धित विषयों पर केन्द्र सरकार को परामर्श देना।

(iii) भारतीय चिकित्सा की केन्द्रीय पंजिका का रख-रखाव और समय-समय पर उसे परिशोधित करना।

(iv) भारतीय चिकित्सा के चिकित्साभ्यास को विनियमित करना और चिकित्साभ्यासियों के आचरण एवं शिष्टाचार तथा आचार संहिता के मानक विहित करना।

स्थापना वर्ष 1971 से ही केन्द्रीय परिषद् स्नातकीय और स्नातकोत्तर स्तरों पर भारतीय चिकित्सा पद्धति अर्थात् आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी की पाठ्यविधि एवं पाठ्यविवरण सहित विभिन्न विनियमों को जारी एवं लागू करती रही है।

भारतीय चिकित्सा पद्धति के लगभग समस्त महाविद्यालय देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध हैं, ये महाविद्यालय परिषद् द्वारा विहित शिक्षा के न्यूनतम स्तर जिनमें पाठ्यविधि एवं पाठ्यविवरण सम्मिलित हैं का अनुसरण कर रहे हैं।

परिषद् की संरचना

केन्द्रीय परिषद् के निम्न सदस्य हैं :–

आयुर्वेद

1. डा० डी० राधाकृष्ण मूर्ति
2. डा० पी० बी० शतकोपाचार्य
3. डा० सुकुमार भट्टाचारजी
4. डा० देवव्रत नारायण सिंह
5. डा० महेश्वर पाण्डे
6. डा० इन्द्रमोहन झा
7. डा० अलख नारायण सिंह
8. डा० जनार्दन एन० दवे
9. डा० दिनेश आर० पटेल
10. डा० कृष्ण चन्द्र शर्मा
11. डा० गुलशन राय शर्मा
12. कविराज भूपेन्द्र नाथ गुप्त
13. वैद्य गौरीशंकर द्विवेदी
14. वैद्य पंचैया होशमठ
15. डा० ए० सी० राहुल कुमार
16. डा० के० माधवन नायर
17. वैद्य पं० महेशदत्त शर्मा शास्त्री
18. डा० प्रसन्न कुमार जैन
19. वैद्य हरिकृष्ण एस० जोशी
20. डा० एस० आई० नागराल
21. डा० स्वप्नेश्वर पण्डा
22. वैद्य प्रमोद कुमार तिवारी
23. वैद्य मदन मोहन पुष्करणा
24. वैद्य उदय शंकर शर्मा
25. वैद्य गोकुलेन्द्र शर्मा
26. डा० व्ही नारायण स्वामी
27 डा० रामप्रकाश गुप्ता
28. डा० हुकम चन्द शर्मा
29. डा० प्रेमदत्त शर्मा
30. डा० महेन्द्र दत्त शर्मा
31. डा० आनन्द राय
32. डा० पी० शेषी रेड्डी
33. वैद्य के० के० पाण्डे
34. डा० कनकसिंह खीमाभाई झाला
35. वैद्य शामलाल वशिष्ठ (शास्त्री)
36. डा० एल० छिक्काराजना
37. डा० एस० वी० सावदी
38. डा० के० पी० श्रीकुमारी अम्मा
39. डा० सच्चिदानन्द उपाध्याय
40. डा० ए० के० दुलानी
41. डा० जी० एल० शर्मा
42. वैद्य पं० शिवकरण शर्मा छांगाणी
43. वैद्य श्रीकृष्ण गोबिन्द फड़के
44. डा० कृष्ण भट्ट केंतजा
45. वैद्य राधाकृष्ण श्रीधर वारे
46. प्रो० एल० एम० सिंह
47. वैद्य शिवकुमार मिश्र
48. वैद्य जगन्नाथ मिश्र
49. डा० पी० के० देवनाथ
50. प्रो० आर० सी० चतुर्वेदी
51. वैद्य हरिनारायण स्वामी
52. प्रो० वी० जे० ठक्कर
53. डा० रमेश मिश्र
54. आचार्य प्रियव्रत शर्मा
55. डा० एस० टी० गूजर
56. वैद्य देवेन्द्र कुमार त्रिगुणा
57. कविराज नानक चन्द शर्मा
58. वैद्य के० एस० वारियर
59. डा० बी० ए० हीरेमठ
60. डा० सत्यपाल गुप्ता
61. डा० डी० एल० नारायण
62. वैद्य के० सदाशिव शर्मा
63. वैद्य चन्द्र शेखर गौड़
64. डा० पी० सी० भट्टाचार्य

सिद्ध

65. डा० जी० अन्नास्वामी
66. डा० सी० पी० रामनाथन
67. डा० के० पलानीचामी

यूनानी

68. हकीम मो० अशरफ करीम
69. डा० मदन सरुप गुप्ता
70. हकीम मोहम्मद उमर
71. हकीम धर्मचन्द
72. डा० दौलतराम भराज
73. डा० बन्सीलाल पण्डित
74. डा० अब्दुर्रहमान
75. हकीम अब्दुल मोबिन खान
76. हकीम वेदप्रकाश शर्मा
77. हकीम मो० इकबाल खान
78. प्रो० हकीम सैय्यद् खलीफथ्थुल्लाह
79. डा० एम० टी० खान
80. हकीम मो० अहमद लारी
81. डा० सैय्यद शाजी हैदर
82. डा० एस० के० खादरी
83. प्रो० हकीम मो० तैय्यब
84. हकीम एम० ए० रज्ज़ाक
85. हकीम अब्दुल हमीद
86. हकीम फैयाज आलम
87. हकीम फैजान अहमद
88. डा० जे० डी० सन्दरवाले

पदाधिकारी

परिषद् के निम्न पदाधिकारी हैं :–

1. प्रो० हकीम सैय्यद खलीफथ्थुल्लाह — अध्यक्ष
2. वैद्य पं० शिवकरण शर्मा छांगाणी — उपाध्यक्ष (आयुर्वेद)
3. हकीम एम० ए० रज्ज़ाक — उपाध्यक्ष (यूनानी)
4. डा० एस० आई० नागराल — सभापति, शिक्षा समिति (आयुर्वेद)
5. प्रो० हकीम मोहम्मद तैय्यब — सभापति, शिक्षा समिति (यूनानी)
6. डा० प्रसन्न कुमार जैन — सभापति, पंजीयन समिति
7. वैद्य पं० महेशदत्त शर्मा शास्त्री — सभापति, विनियम समिति

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की धारा 9 (1) के अनुसार केन्द्रीय परिषद् की निम्न मुख्य समितियां हैं :–

1. आयुर्वेद समिति
2. सिद्ध समिति
3. यूनानी समिति

उपर्युक्त समितियां भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क) और (ख) के अधीन निर्वाचित और खण्ड (ग) के अधीन मनोनीत आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों से युक्त हैं।

धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी चिकित्सा पद्धतियों के उपाध्यक्ष क्रमशः ऊपर संदर्भित समितियों के सभापति हैं।

ऐसे सामान्य या विशिष्ट निर्देशों जो समय-समय पर केन्द्रीय परिषद् देती है प्रत्येक समिति आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति जैसा भी प्रकरण हो से संबंधित किसी भी विषय को केन्द्रीय परिषद् की सक्षमता में करने के लिए समर्थ है।

केन्द्रीय परिषद् ने परिषद् के विभिन्न कार्यों को करने के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की धारा 10 के अधीन निम्न समितियों का भी गठन किया।

कार्यकारिणी समिति

अधिनियम एवं उसके अधीन निर्मित नियमों एवं विनियमों के ढांचे में केन्द्रीय परिषद् द्वारा निर्धारित सामान्य नीति एवं सिद्धान्तों के अनुरूप परिषद् के कार्यों का निष्पादन करने के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (सामान्य) विनियम 1976 की संख्या 5 के अनुरूप कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया था। समिति भारतीय चिकित्सा की तीनों पद्धतियों अर्थात् आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी से प्रतिनिधित्व की जाती है।

कार्यकारिणी समिति के निम्न सदस्य हैं :

सभापति 1. प्रो० हकीम सैय्यद खलीफथ्थुल्लाह (अध्यक्ष)
सदस्य 2. वैद्य शिवकरण शर्मा छांगाणी (उपाध्यक्ष-आयुर्वेद)
3. हकीम एम० ए० रज्ज़ाक (उपाध्यक्ष-यूनानी)
4. डा० एस० टी० गूजर
5. वैद्य प्रमोद कुमार तिवारी
6. डा० रामप्रकाश गुप्ता
7. डा० के० माधवन नायर
8. प्रो० हकीम मो० तैय्यब
9. हकीम वेद प्रकाश शर्मा
10. डा० के० पलानीचामी

विनियम समिति

समय-समय पर यथा आवश्यक केन्द्रीय परिषद् के विभिन्न विनियमों को बनाने तथा उससे सम्बन्धित मामलों पर विचार करने के लिए परिषद् द्वारा भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 के अधीन विनियम समिति का गठन किया गया।

विनियम समिति के निम्न सदस्य हैं

सभापति 1. वैद्य पं० महेश दत्त शर्मा शास्त्री
सदस्य 2. वैद्य मदन मोहन पुष्करणा
3. वैद्य हरिनारायण स्वामी
4. डा० स्वप्नेश्वर पण्डा
5. वैद्य पंचैया होशमठ
6. डा० महेन्द्र दत्त शर्मा
7. डा० जनार्दन एन० दवे
8. डा० पी० बी० शतकोपाचार्य
9. डा० महेश्वर पाण्डे
10. डा० गुलशन राय शर्मा
11. डा० डी० राधाकृष्णमूर्ति
12. डा० जे० डी० सन्दरवाले
13. डा० बन्सीलाल पण्डित
14. डा० अब्दुर्रहमान
15. हकीम धर्मचन्द

पंजीयन समिति

परिषद् ने विभिन्न चिकित्सीय अर्हताओं की मान्यता एवं भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की अनुसूचियों में उनका समावेश करने सम्बन्धी मामलों को देखने तथा इस विषय में अनुशंसाएं करने के लिए पंजीयन समिति का गठन किया। पंजीयन से सम्बन्धित विषयों पर विचार करना भी इस समिति के अधिकार में है।

पंजीयन समिति के निम्न सदस्य हैं :

सभापति 1. डा० प्रसन्न कुमार जैन
सदस्य 2. प्रो० आर० सी० चतुर्वेदी
3. डा० कृष्ण चन्द्र शर्मा
4. डा० हरिकृष्ण एस० जोशी
5. डा० पी० के० देवनाथ
6. डा० प्रेमदत्त शर्मा
7. डा० ए० सी० राहुल कुमार
8. डा० डी० आर० पटेल
9. डा० बी० ए० हीरेमठ
10. डा० रामप्रकाश गुप्ता
11. डा० इन्द्र मोहन झा
12. डा० मदन सरूप गुप्ता
13. डा० एम० टी० खान
14. हकीम मो० उमर
15. डा० दौलतराम भराज
16. हकीम फैज़ान अहमद

शिक्षा समितियां (आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी)

शिक्षा समितियां आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी की शिक्षा से सम्बन्धित समस्त कार्यों को करने में सक्षम हैं। आयुर्वेद, सिद्ध एवं यूनानी शिक्षा समिति के निम्न सदस्य हैं :–

आयुर्वेद

सभापति 1. डा० एस० आई० नागराल
सदस्य 2. वैद्य पं० शिवकरण शर्मा छांगाणी (उपाध्यक्ष आयुर्वेद)
3. वैद्य देवेन्द्र कुमार त्रिगुणा
4. कविराज नानक चन्द शर्मा
5. डा० राम प्रकाश गुप्ता
6. डा० आनन्द राय
7. डा० सत्यपाल गुप्ता
8. वैद्य एस० जी० फड़के
9. डा० हुकम चन्द शर्मा
10. वैद्य शिवकुमार मिश्र
11. वैद्य जगन्नाथ मिश्र
12. प्रो० प्रियव्रत शर्मा
13. डा० रमेश मिश्र
14. कविराज बी० एन० गुप्त
15. डा० व्ही नारायण स्वामी

सिद्ध

सदस्य 1. डा० के० पलानीचामी
2. डा० जी० अन्ना स्वामी

यूनानी

सभापति 1. प्रो० हकीम मोहम्मद तैय्यब
सदस्य 2. हकीम एम० ए० रज्जाक, (उपाध्यक्ष यूनानी)
3. हकीम सैय्यद शाजी हैदर
4. हकीम मो० अशरफ करीम
5. हकीम अब्दुल मोबिन खान
6. हकीम अब्दुल हमीद
7. हकीम फैयाज आलम
8. हकीम एस० के० खादरी
9. हकीम मो० इकबाल खान
10. हकीम मोहम्मद अहमद लारी
11. डा० मदन सरूप गुप्ता

वर्ष 1990–91 के दौरान निम्न बैठकें आयोजित की गई :

1.	केन्द्रीय परिषद्	—एक
2.	आयुर्वेद समिति	—एक
3.	सिद्ध समिति	—दो
4.	यूनानी समिति	—एक
5.	कार्यकारिणी समिति	—तीन
6.	शिक्षा समिति (आयुर्वेद)	—एक
7.	शिक्षा समिति (यूनानी)	—दो
8.	विनियम समिति	—एक
9.	पंजीयन समिति	—एक
10.	समस्त राज्यों के भारतीय चिकित्सा पद्धति के निदेशक राज्य मंडलों के अध्यक्ष और पंजीयक	—एक

केन्द्रीय परिषद् की वार्षिक बैठक नई दिल्ली में 21 और 22 फरवरी, 1991 को सम्पन्न हुई। केन्द्रीय परिषद् ने वर्ष के दौरान सम्पन्न विभिन्न समितियों की बैठकों के कार्यवृत्तों को दृढ़ किया। केन्द्रीय परिषद् ने निम्न अनुशंसाएं की–

आयुर्वेद

1. केन्द्रीय परिषद् ने निर्णय लिया कि आयुर्वेद महाविद्यालयों में 1–7–89 से पूर्व नियुक्त अध्यापकों की पदोन्नति विनियम 1989 द्वारा प्रभावी नहीं होगी और पदोन्नति के मामले में ऐसे अध्यापकों के लिए स्नातकोत्तर अर्हता अनिवार्य नहीं होगी।

   यह भी निर्णय लिया गया कि उपर्युक्त निर्णय समस्त राज्य सरकारों में परिचालित किया जाये और विहित विनियम 1989 में उपर्युक्त के समावेश हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाये।

2. केन्द्रीय परिषद् ने स्पष्टीकरण को अनुमोदित किया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा विहित आयुर्वेदाचार्य पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों के पाठ्य विवरण में समाविष्ट प्रकरण विषय जो एलोपैथी के लगते हैं, को विषय में अधिक और उपयोगी ज्ञान प्रदान करने के विचार से सम्मिलित किया गया है क्योंकि चिकित्सा विज्ञान की किसी अन्य शाखा के ज्ञान को प्रतिबन्धित अथवा सीमित नहीं किया जा सकता।

3. केन्द्रीय परिषद् ने निर्णय लिया कि केरल सरकार से आयुर्वेद महाविद्यालयों के शिक्षक वर्ग के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वेतनमान लागू करने के लिए अनुरोध किया जाये।

4. केन्द्रीय परिषद् ने निर्णय लिया कि राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, त्रिवेन्द्रम में प्रसूति तंत्र में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का प्रस्ताव संस्था के प्राधिकारियों द्वारा राज्य सरकार और सम्बन्धित विश्वविद्यालय का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् ही परिषद् को भेजा जाये।

5. केन्द्रीय परिषद् ने निर्णय लिया कि समस्त राज्य सरकारों को पुनः एक कड़ा पत्र भेजा जाये कि आयुर्वेद महाविद्यालय में प्रवेश के समय लिए जाने वाले प्रतिव्यक्ति शुल्क को समाप्त करने हेतु प्रभावी कदम उठाएं और प्रवेश केवल गुणक्रम के आधार पर ही किया जाये।

6. केन्द्रीय परिषद् ने निर्णय लिया कि चूंकि केन्द्रीय परिषद् ने 1979 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम विहित किया हुआ है, तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ पुणे द्वारा प्रदत्त आयुर्वेद पारंगत उपाधि को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की द्वितीय अनुसूची में वर्ष 1980 के पश्चात् सम्मिलित किए जाने हेतु संस्तुत नहीं किया जा सकता।

7. केन्द्रीय परिषद् ने ए० एल० एन० राव मैमोरियल आयुर्वेद मैडीकल कालेज, कोपा में सत्र 1990–91 के लिए प्रविष्ट बैच को अनुमोदित करने का निर्णय लिया। कमियां मार्च 1991 तक दूर की जानी चाहिए। परिदर्शन द्वारा तथ्यों की जांच के पश्चात् ही सत्र 1991–92 के लिए प्रवेश की अनुमति दी जायेगी।

8. केन्द्रीय परिषद् ने केवल कार्यरत अभ्यर्थियों के लिए आयुर्वेद वाचस्पति व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के शिवाजी विश्वविद्यालय कोल्हापुर के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। क्योंकि आयुर्वेद स्नातकोत्तर शिक्षा से सम्बन्धित विहित विनियमों के अधीन आयुर्वेद स्नातकोत्तर व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का कोई प्रावधान नहीं है।

ऐलोपैथी अस्पतालों में ऐलोपैथिक डाक्टरों द्वारा भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी के छात्रों को शल्य का प्रशिक्षण देने की आवश्यकता के सम्बन्ध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 31–7–90 को आयोजित बैठक में हुए विमर्श को केन्द्रीय परिषद् ने अंकित किया।

यह अनुभव किया गया कि राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, त्रिवेन्द्रम के छात्रों को राज्य सरकार द्वारा शल्य में क्रियात्मक प्रशिक्षण देने हेतु ऐलोपैथी अस्पतालों में एलोपैथी डाक्टरों द्वारा की गई व्यवस्था के कारण उत्पन्न समस्या पूर्णरूपेण स्थानीय है। राज्य सरकार को पहले ही परामर्श दिया गया था कि अपने अस्पतालों में केवल सक्षम आयुर्वेद स्नातकों द्वारा ही शल्य में क्रियात्मक प्रशिक्षण देने हेतु आवश्यक व्यवस्था की जाये शल्य शालाक्य विभाग के उपयुक्त विकास का भी सुझाव दिया गया था। परन्तु इस सुझाव पर पूरा ध्यान नहीं दिया गया।

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा विहित आयुर्वेद पाठ्यक्रम के पाठ्यविवरण में शल्यतंत्र (सर्जरी) में अध्यापन और क्रियात्मक प्रशिक्षण का प्रावधान पहले से ही है। इस पाठ्यक्रम के आधार पर ही आयुर्वेद स्नातकों का चिकित्साभ्यास के लिए पंजीयन होता है। आयुर्वेद स्नातकों द्वारा देश में शल्य के चिकित्साभ्यास पर कोई प्रतिबन्ध अथवा रुकावट नहीं है।

शल्य शालाक्य तंत्र विषय में अध्यापन कार्यक्रम विशेषकर क्रियात्मक प्रशिक्षण को लागू करने में आने वाली कठिनाईयों को विचार में रखते हुए निम्न सदस्यों की एक समिति का गठन किया गया जो समस्याओं का अध्ययन करने के लिए उनकी तह तक जायेंगे और तीन माह के भीतर उसके लिए रास्ता और साधन सुझाएंगे। समिति को स्नातकोत्तर कार्यक्रम का पुनरावलोकन करने का कार्य भी सौंपा गया–

1. डा० एस० पी० गुप्ता
2. डा० जी० एल० शर्मा
3. डा० एल० एम० सिंह
4. डा० कृष्ण भट्ट केंतजा
5. डा० के० के० पाण्डे

केन्द्रीय परिषद् ने वर्तमान में आयुर्वेद स्नातकोत्तर उपाधि पाठ्यक्रम की अवधि में परिवर्तन करना स्वीकार नहीं किया।

विवेकानन्द नर्सिंग होम, राहुरी को आयुर्वेदाचार्य पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने और संचालित करने की अनुमति दी गई। यह भी निर्णय लिया गया कि परिदर्शकों द्वारा इंगित कमियां यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई हेतु संस्था को भेज दी जाये। एक वर्ष पश्चात् अनुपालन प्रतिवेदन मांगा जाये और अनुपालन प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात् संस्था द्वारा की गई प्रगति का निर्धारण एवं सत्यापन किया जाये।

आरोग्य मंडल हडपसर, पुणे द्वारा चलाए जा रहे आयुर्वेद महाविद्यालय को आयुर्वेदाचार्य पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने और संचालित करने की अनुमति दी गई। यह भी निर्णय लिया गया कि परिदर्शकों द्वारा इंगित कमियां महाविद्यालय को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी जायें। एक वर्ष पश्चात् अनुपालन प्रतिवेदन मांगा जाये और अनुपालन प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात् संस्था द्वारा की गई प्रगति का निर्धारण एवं सत्यापन किया जाये।

केन्द्रीय परिषद् द्वारा धन्वन्तरि आयुर्वेद महाविद्यालय, चण्डीगढ़ के परिदर्शन प्रतिवेदन पर विचार किया गया। परिदर्शकों की अनुशंसा पर यह निर्णय लिया गया कि आयुर्वेद उपाधि पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा महाविद्यालय को अनुमोदित किया जा सकता है बशर्ते महाविद्यालय के प्राधिकारी चरणबद्ध रूप में भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा विहित मानदण्डों के अनुसार शिक्षक वर्ग और साज-सुविधा की कमियां दूर करेंगे और पांच वर्ष की अवधि में संस्थान को उस क्षेत्र के विश्वविद्यालय से सम्बद्ध करवाएंगे।

केन्द्रीय परिषद् ने अंकित किया कि बिहार और दरभंगा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित आयुर्वेदाचार्य पाठ्यक्रम में कुछ अनियमितताएं हैं। परिषद् द्वारा बार-बार पत्र भेजे जाने और चेतावनी दिए जाने पर भी दोनों विश्वविद्यालय और राज्य सरकार विनियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। उपर्युक्त परिस्थितियों के अधीन केन्द्रीय परिषद् ने सर्वसम्मति से उपयुक्त कार्रवाई प्रारम्भ करने का संकल्प लिया।

केन्द्रीय परिषद् ने संकल्प लिया कि समस्त राज्य सरकारों को यह सूचित करते हुए एक पत्र लिखा जाये कि यदि आयुर्वेद महाविद्यालय के किसी छात्र का अन्य विश्वविद्यालय में स्थानान्तरण होता है तो सम्बन्धित राज्य सरकार द्वारा अधिवास प्रमाण-पत्र न मांगा जाये।

सेठ गोबिन्द जी राव जी आयुर्वेद महाविद्यालय, शोलापुर का परिदर्शन प्रतिवेदन देखने के पश्चात् केन्द्रीय परिषद् ने महाविद्यालय द्वारा कमियों को दूर करने और त्रुटियों को पूरा करने तक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश निलम्बित करने का संकल्प किया।

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् ने उत्तर प्रदेश के आयुर्वेद महाविद्यालयों की दयनीय स्थिति को अंकित किया और भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा विहित न्यूनतम आवश्यकताओं की प्रति संलग्न करते हुए उनकी पूर्ति हेतु सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य विभाग, निदेशक आयुर्वेद और कुलसचिव, कानपुर विश्वविद्यालय को एक कड़ा पत्र भेजने का निर्णय लिया।

केन्द्रीय परिषद् द्वारा विहित विनियमों के अनुरूप स्नातकीय/स्नातकोत्तर शिक्षा प्रदान करने के लिए न्यूनतम स्तरों एवं अपेक्षाओं के निर्धारण हेतु वर्ष के दौरान निम्न संस्थाओं/आयुर्वेद महाविद्यालयों का परिदर्शन किया गया :–

क्रम संख्या	महाविद्यालय का नाम	परिदर्शन की तिथि	पूर्व स्नातक/ स्नातकोत्तर
	उत्कल विश्वविद्यालय		
1.	गोपबन्धु आयुर्वेद महविद्यालय, पुरी।	9–4–90	स्नातकोत्तर
	हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय		
2.	राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, पपरोला	18–6–90	स्नातकीय
	कुवेम्पू विश्वविद्यालय		
3.	ए० एल० एन० राव मैमोरियल आयुर्वेद महाविद्यालय, कोप्पा।	2–7–90	स्नातकीय
	पंजाब राज्य आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति संकाय		
4.	श्री धन्वन्तरि आयुर्वेद महाविद्यालय, चंडीगढ़	9–8–90	स्नातकीय
	डा० एम० जी० आर० विश्वविद्यालय		
5.	वेंकटरमन आयुर्वेद महाविद्यालय, मद्रास	27–8–90	स्नातकीय
	आन्ध्र प्रदेश स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय		
6.	एस० वी० आयुर्वेद महाविद्यालय, तिरूपति	7–9–90	स्नातकीय
	मंगलौर विश्वविद्यालय		
7.	श्री धर्मस्थल मंजुनाथेश्वर आयुर्वेद महाविद्यालय उडूपी	18–9–90	स्नातकीय
	पूना विश्वविद्यालय		
8.	विवेकानन्द नर्सिंग होम शिवाजीनगर राहुरी (अहमदनगर)	26–10–90	स्नातकीय
9.	महाराष्ट्र आरोग्य मंडल, हडपसर (पूना)	28–10–90	स्नातकीय
	अमरावती विश्वविद्यालय		
10.	श्री गुरुदेव आयुर्वेद महाविद्यालय, गुरुकुंज आश्रम	22–12–90	स्नातकीय
11.	विदर्भ आयुर्वेद महाविद्यालय, अमरावती	23–12–90	स्नातकीय
12.	श्री राधाकृष्ण तोशनीवाल आयुर्वेद महाविद्यालय, अकोला।	24–12–90	स्नातकीय
13.	डी० एम० एम० आयुर्वेद महाविद्यालय, यवतमाल	23–12–90	स्नातकीय

यूनानी

केन्द्रीय परिषद् ने अंकित किया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा विहित यूनानी तिब्ब स्नातकोत्तर शिक्षा से सम्बन्धित विनियमों में परीक्षा एवं निर्धारण प्रावधान के अधीन परीक्षाओं का विवरण एवं अंकों का निर्धारण नहीं किया गया है।

केन्द्रीय परिषद् ने माहिरे-तिब्ब-एम० डी० (यूनानी) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए पाठ्यविवरण और परीक्षा की योजना का प्रारूप तैयार करने के लिए निम्न सदस्यों की एक उप-समिति का गठन किया :–

(1) प्रो० हकीम एम० तैय्यब
(2) हकीम मो० अहमद लारी
(3) हकीम अब्दुल मोबिन खान
(4) हकीम एस० के० खादरी

केन्द्रीय परिषद् ने यूनानी चिकित्सा में उपचर्याओं के लिए तीन माह का पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए निम्न सदस्यों की एक उप समिति का गठन किया :–

(1) हकीम एस० के० खादरी
(2) हकीम फैयाज़ आलम
(3) हकीम बन्सी लाल पण्डिता

केन्द्रीय परिषद् ने अनुभव किया कि महिला अभ्यर्थियों के लिए स्थान के आरक्षण की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि यूनानी स्नातकोत्तर शिक्षा में अध्ययन पाने के इच्छुक महिला अभ्यर्थियों की संख्या सीमित है और इच्छुक अभ्यर्थियों को संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रायः प्रवेश मिल जाता है।

केन्द्रीय परिषद् ने यूनानी चिकित्सा के विनियमों से सम्बन्धित डा० एम० जी० आर० विश्वविद्यालय के यूनानी चिकित्सा अध्ययन मंडल की बैठक के कार्यवृत्तों को देखने के पश्चात् निर्णय लिया कि निम्न सदस्यों की एक उप-समिति डा० एम० जी० आर० विश्वविद्यालय से प्राप्त विनियमों की जांच करे और शिक्षा समिति (यूनानी) की अगली बैठक में अपनी अनुशंसाएं प्रस्तुत करे :–

(1) प्रो० हकीम मो० तैय्यब
(2) हकीम मो० अहमद लारी
(3) हकीम अब्दुल मोबिन खान
(4) हकीम एस० के० खादरी

केन्द्रीय परिषद् ने सहमति दी कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को परामर्श दिया जाये कि अपनी समस्याओं को समाप्त करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुरूप डिमोस्ट्रेटर के पदनाम को प्रवक्ता और प्रवक्ता के पदनाम को वरिष्ठ प्रवक्ता पदनाम में परिवर्तन अपनाये।

राजपूताना आयुर्वेद एवं यूनानी तिब्बिया महाविद्यालय को शैक्षिक सत्र 1991–92 तक छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति दी गई। संस्था को कमियों की सूचना भेजी जाये। कमियों की पूर्ति के निर्धारण हेतु अगले वर्ष एक और परिदर्शन करवाया जाये। राजस्थान विश्वविद्यालय को भी तद्नुसार सूचित किया जाये।

सल्फिया यूनानी मेडीकल कालिज, दरभंगा को अगले दो वर्षों शैक्षिक सत्र 1992–93 तक यूनानी स्नातकीय पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति इस शर्त पर दी गई है कि इंगित कमियों को दो वर्षों के भीतर दूर किया जाये और संस्था द्वारा किए गए सुधार का केन्द्रीय परिषद् द्वारा सामयिक पुनः निर्धारण किया जायेगा।

राजस्थान यूनानी महाविद्यालय, जयपुर को सत्र 1990–91 से 10 अतिरिक्त छात्रों को प्रवेश की अनुमति इस शर्त पर दी गई कि छात्रों के प्रवेश से पूर्व वे सुनिश्चित करें कि सभी शर्तें विशेषकर छात्रों के प्रवेश के समय छात्र-शैय्या अनुपात का अनुसरण करते हुए अस्पताल में शय्याओं की संख्या को पूरा करते हैं।

केन्द्रीय परिषद् ने यूनानी समिति की अनुशंसा को स्वीकार किया कि महाराष्ट्र सरकार और सम्बन्धित विश्वविद्यालय को यह सूचित करते हुए पत्र लिखा जाये कि केन्द्रीय परिषद् को नागपुर के ताज तिब्बी महाविद्यालय में यूनानी पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने में कोई आपत्ति नहीं है बशर्ते यूनानी तिब्ब में स्नातकीय शिक्षा प्रदान करने के सम्बन्ध में केन्द्रीय परिषद् द्वारा विहित न्यूनतम मानदण्डों का अनुसरण कड़ाई से किया जाये।

यह निर्णय लिया गया कि चूंकि केन्द्रीय परिषद् द्वारा सात विभागों की पद्धति अनुशंसित की गई है, अतः विश्वविद्यालय में यूनानी/भारतीय चिकित्सा पद्धति संकाय के अधीन सात अध्ययन मंडलों का गठन होना चाहिए।

केन्द्रीय परिषद् ने गहरी चिन्ता के साथ अंकित किया कि आन्ध्र प्रदेश स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, विजयवाड़ा प्राग-तिब्ब और यूनानी तिब्ब के मुख्य पाठ्यक्रम में प्रवेश से सम्बन्धित भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा निर्धारित शिक्षा का माध्यम और परीक्षा सहित मानदण्डों का अनुसरण नहीं कर रहा है। केन्द्रीय परिषद् पुनः सख्ती से दोहराती है कि इस मामले में विश्वविद्यालय और आन्ध्र प्रदेश सरकार से पुनः अनुरोध किया जाये। यह निर्णय लिया गया कि इस विश्वविद्यालय के अधीन महाविद्यालयों का शीघ्र परिदर्शन करवाया जाये।

इस बीच (चूंकि यह मामला कोर्ट में है) सचिव को परामर्श दिया जाता है कि वह केन्द्र सरकार के स्थायी परामर्श दाता श्री आई० कोट्टी रेड्डी से अनुरोध करें कि वह आन्ध्र-प्रदेश स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, विजयवाड़ा से सम्बद्ध डा० अब्दुल हक यूनानी मेडीकल कालेज द्वारा चलाए जा रहे प्राग्-तिब्ब और बी० यू० एम० एस० पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में जिसका मामला पिटिशन संख्या 395 वर्ष 1990 आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में पहले ही लम्बित है, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् की ओर से प्रति शपथ-पत्र दर्ज करें।

केन्द्रीय परिषद् ने यूनानी समिति की अनुशंसाओं को स्वीकार किया कि यूनानी तिब्ब के प्राग्-तिब्ब पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए केन्द्रीय परिषद् द्वारा अनुमोदित समस्त प्राच्य अर्हताओं के सत्यापन हेतु विवरण मंगवाया जाये कि क्या ये अर्हताएं मैट्रिक/हायर सैकण्डरी के समकक्ष हैं या नहीं।

केन्द्रीय परिषद् ने निर्णय लिया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् का कार्यालय यूनानी उपाधि पाठ्यक्रम में प्रवेश के समय उर्दू की जानकारी में एकरूपता लाने के सम्बन्ध में शेष महाविद्यालयों से यथाशीघ्र सूचना प्राप्त करने का प्रयत्न करे और उसके लिए लिखे और तत्पश्चात् समस्त आवश्यक सूचना देते हुए एक विवरणिका तैयार की जाये और उसे विमर्श एवं पुनर्विचार हेतु शिक्षा समिति (यूनानी) की अगली बैठक में रखा जाये।

केन्द्रीय परिषद् द्वारा विहित विनियमों के अनुरूप स्नातकीय शिक्षा देने के लिए न्यूनतम स्तरों एवं आवश्यकताओं के निर्धारण हेतु वर्ष के दौरान निम्न संस्थाओं/यूनानी महाविद्यालयों का परिदर्शन किया गया :–

क्रम संख्या	महाविद्यालय का नाम	परिदर्शन की तिथि	स्नातकीय/ स्नातकोत्तर
	राजस्थान विश्वविद्यालय		
1.	राजपूताना आयुर्वेद एवं यूनानी तिब्बी कालेज, जयपुर	29–7–90	स्नातकीय
2.	राजस्थान यूनानी मेडीकल कालेज, जयपुर	29–12–90	स्नातकीय
	नागपुर विश्वविद्यालय		
3.	ताज तिब्बिया कालेज एवं रशीदिया अस्पताल, नागपुर	28–6–90	स्नातकीय
	बिहार विश्वविद्यालय		
4.	सल्फिया यूनानी मेडीकल कालेज एवं अस्पताल, दरभंगा	17–7–90	स्नातकीय
5.	जैड एच यूनानी मेडीकल कालेज एवं अस्पताल, सीवान	9–2–91	स्नातकीय

सिद्ध

1. केन्द्रीय परिषद् ने अंकित किया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् ने 14 से 16 फरवरी 1990 को सम्पन्न अपनी बैठक में सिद्ध चिकित्सा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का संशोधित पाठ्यविवरण अनुमोदित किया। सिद्ध चिकित्सा के स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम ब्रांच रसवथम अरिग्नर (रसवथम डिप्लोमा) में कार्मिक पद्धति को सम्मिलित नहीं किया गया।

यह संकल्प लिया गया कि सिद्ध स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की पाठ्यविधि के अधीन प्रत्येक विभाग के लिए कार्मिक पद्धति की अनुशंसा पहले से ही की गई है। शाखा रसवथम अरिग्नर रसवथम डिप्लोमा (एक विशेष शाखा है और इसके लिए रसायन-शास्त्र के प्रवक्ता का एक पद और बायो रसायन शास्त्र के प्रवक्ता का एक पद आवश्यक है। इस पाठ्यविधि के पृष्ठ-9 पर कार्मिक पद्धति के अधीन टिप्पणी के रूप में सम्मिलित किया जा सकता है।

केन्द्रीय परिषद् ने अंकित किया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम् 1970 की धारा 36 के अधीन यथा अपेक्षित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के सिरप्पू मरूथुवम और कुझंथई

मरुथुवम विषयों का विवरण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की स्वीकृति के लिए भेजा था। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने उपर्युक्त प्रस्तावित विषयों पर कुछ टिप्पणियां भेजी थी जिन पर केन्द्रीय परिषद ने विचार किया और दोनों विषयों को केन्द्रीय परिषद् द्वारा आयुर्वेद एवं यूनानी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए विहित पाठ्यविवरण की तुलना में संशोधित किया। उपर्युक्त विषयों का अनुमोदित विवरण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की स्वीकृति के लिए भेज दिया गया।

सामान्य

केन्द्रीय परिषद् ने निर्णय लिया कि चिकित्सा संहिता पर एक राष्ट्रीय विचारगोष्ठी आयोजित की जाय और भारतीय चिकित्सा पद्धति, अन्य चिकित्सा पद्धतियों के चिकित्साभ्यासियों और चिकित्सा विधियों को आमन्त्रित किया जाय।

केन्द्रीय परिषद् ने भारत सरकार द्वारा भारतीय चिकित्सा पद्धति की शिक्षा की समस्याओं के समाधान हेतु 20-21 नवम्बर, 1990 को कार्यशाला के संचालन द्वारा किए गए प्रयत्नों की सराहना की और निर्णय को यथाशीघ्र लागू करने हेतु भारत सरकार से अनुरोध किया।

केन्द्रीय परिषद् ने बड़े खेद के साथ अंकित किया कि विभिन्न राज्यों के मोटरगाड़ी विभाग भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की अनुसूचियों में सम्मिलित मान्य अर्हता के धारकों द्वारा ड्राइवर और कंडक्टर को जारी किए गए चिकित्सा प्रमाण-पत्र/स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र को मान्यता नहीं देते हैं। भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् यह इंगित करना चाहती है कि यह भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 की धारा 17 की उपधारा (2) (ढ़) का उल्लंघन है। यह भी अंकित किया गया कि कुछ अन्य शासकीय और अन्य विभाग जैसे रेलवे, जीवन बीमा निगम, भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्ज लिमिटेड, विश्वविद्यालय भी भारतीय चिकित्सा पद्धति के योग्य चिकित्साभ्यासियों द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण-पत्र को स्वीकार नहीं करते हैं।

परिषद् इसे गम्भीरता से लेती है और भारत सरकार से अनुरोध करती है कि वह इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करे ताकि भारतीय चिकित्सा पद्धति के योग्य चिकित्साभ्यासियों को भविष्य में इस कठिनाई का सामना न करना पड़े।

अध्यक्ष, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् को स्वास्थ्य विभाग, राज्य सरकारों को पत्र लिखने के लिए प्राधिकृत किया गया कि वे अपने राज्यों की विभिन्न भारतीय चिकित्सा पद्धति की बैठकों में भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् के सदस्यों को अवश्य आमन्त्रित करें।

केन्द्रीय परिषद् ने निर्णय लिया कि भारतीय चिकित्सा के विस्तृत हित में केन्द्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद् और केन्द्रीय यूनानी अनुसंधान परिषद् के क्रियाकलापों की जानकारी केन्द्रीय परिषद् के सदस्यों को भी दी जाय। इन अनुसंधान परिषदों से अनुरोध किया जाय कि वे अपने न्यूज बुलेटिन वार्षिक प्रतिवेदन आदि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् के सदस्यों को भेजें। केन्द्रीय परिषद् ने स्वीकार किया कि कार्यसूची मद के साथ परिदर्शन प्रतिवेदन का सारांश भी सदस्यों को भेजा जाय ताकि उन्हें परिदर्शन प्रतिवेदन में दिए गए तथ्यों की जानकारी हो।

यह अंकित किया गया कि 10 एवं 11 मार्च, 1989 की बैठक में केन्द्रीय परिषद् द्वारा पारित निम्न प्रस्ताव आवश्यक कार्रवाई हेतु अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली को प्रेषित किया गया:-

"देश में स्थित भारत सरकार एवं प्रदेश सरकारों के अधीन चल रहे ऐलोपैथ के बड़े-बड़े अस्पतालों तथा/विशेषतःअखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में एक साधन सुविधा सम्पन्न वार्ड आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के लिए भी स्थापित किया जाए ताकि वहां सुयोग्य आयुर्वेदज्ञों की देखरेख में गंभीर रोगियों को आयुर्वेद की चिकित्सा सुलभ कराई जाय।"

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली ने 14-5-90 की बैठक में संस्थान के अस्पताल प्रबन्ध मंडल द्वारा पारित निम्न प्रस्ताव प्रेषित किया :-

"मंडल ने निर्णय लिया कि स्थान, स्टाफ और वित्त की कमी के कारण विशेष आयुर्वेद निदान के लिए एक सुसज्जित वार्ड प्रदान करना संभव नहीं है। तथापि संस्थान दोनों पद्धतियों के सहयोग के लिए खुला है।"

केन्द्रीय परिषद् ने निर्णय लिया कि दोनों पद्धतियों के सहयोग के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की मंशा की जानकारी केन्द्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद् एवं केन्द्रीय यूनानी अनुसंधान परिषद् को दी जाय।

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा दिनाकं 14-15 जनवरी, 1991 को केन्द्रीय यूनानी शोध संस्थान, हैदराबाद में भारतीय चिकित्सा के निदेशकों, भारतीय चिकित्सा के राज्य मंडलों/परिषदों के अध्यक्षों/प्रधानों एवं निबन्धकों, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् के पदाधिकारियों तथा कार्यकारिणी समिति एवं पंजीयन समिति के सदस्यों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई थी। बैठक का उद्घाटन प्रोफैसर शकीलुर्रहमान केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार, प्रो० हकीम सैय्यद खलीफथुल्लाह, अध्यक्ष, भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा किया गया। संयुक्त बैठक में भारतीय चिकित्सा पद्धति से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर विचार हुआ। उपर्युक्त संयुक्त बैठक में की गई अनुशंसाएं निम्न हैं :-

1. भारतीय चिकित्सा की मान्य चिकित्सा अर्हताओं में एकरूपता-भारतीय चिकित्सा के राज्य अधिनियमों में संशोधन

यह दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 (1970 का 48) जो सम्पूर्ण भारत में प्रसारित है के लागू होने के पश्चात् से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने अपने पत्रांक वी० 26025/6/80-ए०इ० दिनांक 24/27 जून 1980 द्वारा समस्त राज्य सरकारों/केन्द्र शासित प्रदेशों से यह जांच करने का अनुरोध किया था कि भारतीय चिकित्सा पद्धति में चिकित्साभ्यास और शिक्षा से सम्बन्धित मामलों में उनके राज्य अधिनियमों के सम्बन्धित प्रावधान उपर्युक्त केन्द्रीय अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप हैं। यदि नहीं हैं तो राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया था कि वे अपने राज्य अधिनियमों को केन्द्रीय अधिनियम के अनुरूप लाने के प्रश्न पर विचार करें और मंत्रालय को सूचित करें।

जब वांछित परिणाम प्राप्त नहीं हुआ और भारतीय चिकित्सा की मान्य चिकित्सीय अर्हताओं की अनुसूचियों को भी केन्द्रीय अधिनियम की अनुसूचियों के अनुरुप नहीं लाया गया तो

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने अपने पत्रांक सं० 11013/2/81- ए० ई० दिनांक 26-3-82 के द्वारा राज्य सरकारों/केन्द्र शासित प्रदेश से अनुरोध किया कि वे अपने राज्य अधिनियमों को संशोधित करने के लिए शीघ्र कार्रवाई करें ताकि उनमें निहित अर्हताओं की अनुसूचियों को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 के अधीन मान्य अर्हताओं के अनुरूप लाया जा सके। यद्यपि केन्द्रीय अधिनियम के प्रभावी होने के पश्चात् राज्य अधिनियमों की अनुसूचियां अतिक्रामित समझी जाती हैं, राज्य अधिनियमों में संशोधन करना आवश्यक और विवेकपूर्ण समझा गया ताकि मान्य चिकित्सीय अर्हताओं की अनुसूची और उनके प्रावधानों को केन्द्रीय अधिनियम के अनुरूप लाया जा सके। अत: यह अत्यन्त आवश्यक था कि इस सम्बन्ध में भ्रम और त्रुटियों का परिहार करने के लिए शीघ्र कदम उठाए जावें। उपर्युक्त पत्र में भारतीय चिकित्सा का केन्द्रीय रजिस्टर तैयार करने के लिए राज्य अधिनियमों में संशोधन नहीं किए जाने के द्वारा उत्पन्न होने वाली अन्य जटिलताओं को भी विस्तार से स्पष्ट किया था।

विभिन्न राज्यों के निदेशकों और राज्य मंडलों के अध्यक्षों/सभापतियों/निबन्धकों ने विचार-विमर्श में भाग लिया और अपने विचार एवं कठिनाइयां व्यक्त की। तत्पश्चात् निम्न प्रस्ताव पारित किया गया :-

संसद एवं राज्य विधानसभाओं द्वारा यथा ज्ञात केन्द्रीय एवं राज्य अधिनियमों के विशिष्ट प्रावधानों को लागू करने में सामने आई विभिन्न कठिनाइयों पर विचार करते हुए संयुक्त बैठक ने सर्व सम्मति से भारतीय चिकित्सा की राज्य पंजिका में नामावलिगत चिकित्साभ्यासियों के नाम रखने, अर्हताओं की अनुसूचियों की संरचना, परामर्शी और प्रतिनिधित्व स्तर इत्यादि जैसे मूल प्रावधानों में परिवर्तन किए बिना प्रत्येक राज्य अधिनियम को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 के अनुसार लाने के लिए आवश्यक संशोधन के कार्य को करने का निर्णय लिया। अत: सर्वसम्मति से संकल्प किया गया कि वर्तमान राज्य मंडलों, परिषदों को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् की शाखा के रूप मे कार्य करना चाहिए और इस सम्बन्ध में आवश्यक कदम उठाने के लिए सम्बन्धित प्राधिकारियों पर दबाव डालती हैं।

अत: संयुक्त बैठक ने सुझाव दिया कि राज्य अधिनियमों में आवश्यक परिवर्द्धन/निष्कासन का कार्य करने और भारतीय चिकित्सा पद्धति की अन्य समस्याओं को दूर करने के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् को शीघ्र राज्य मंडलों/परिषदों की क्षेत्रीय बैठकों का आयोजन करना चाहिये।

2. अपंजीकृत/अयोग्य व्यक्तियों द्वारा भारतीय चिकित्सा के अनाधिकृत चिकित्साभ्यास पर रोक

यह अंकित किया गया कि दिनांक 15-8-71 से भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की धारा 14 के लागू होने के पश्चात् से भारत में विश्वविद्यालय/ मंडल अथवा अन्य चिकित्सा संस्थाओं द्वारा प्रदत्त एवं भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की द्वितीय अनुसूची में समाविष्ट चिकित्सीय अर्हता मान्य चिकित्सा अर्हता हैं। इनमें से किसी भी अर्हता के धारक उक्त अधिनियम के अधीन दत्त अधिकारों और प्राधिकारों के पात्र हैं।

कोई अन्य अर्हता जो भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की द्वितीय अनुसूची में सम्मिलित नहीं है किसी भी उद्देश्य के लिए मान्य नहीं है। वे व्यक्ति जो भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की अनुसूचियों में सम्मिलित मान्य चिकित्सीय अर्हताओं को धारण करते हैं भारतीय चिकित्सा में चिकित्साभ्यास करने हेतु भारतीय चिकित्सा के राज्य रजिस्टर में पंजीयन/नामांकन के पात्र हैं। एक व्यक्ति एक राज्य में नामांकन के आधार पर दूसरे राज्य में चिकित्साभ्यास नहीं कर सकता।

इसपर भी यह देखा गया है कि काफी संख्या में अयोग्य व्यक्ति जो किसी भी राज्य मंडल/परिषद् से पंजीकृत नहीं हैं, विभिन्न राज्यों,केन्द्र शासित प्रदेशों में भारतीय चिकित्सा में अनधिकृत रूप से चिकित्साभ्यास कर रहें हैं। यह समस्या राज्य के प्राधिकारियों द्वारा समुचित जांच की कमी के कारण उत्पन्न हुई हैं। इसके अतिरिक्त कुछ राज्य मंडलों/परिषदों द्वारा मान्य चिकित्सीय अर्हताओं में एक रूपता नहीं बनाए रखने के कारण यह समस्या द्विगुणित हो गई हैं। यह भी ज्ञात हुआ है कि अपनी तरह की कुछ संस्थाए अब भी उपाधियां और भारतीय चिकित्सा में चिकित्साभ्यास करने के लिए पंजीयन का प्रमाण-पत्र प्रदान कर रही हैं।

केन्द्रीय परिषद् ने हिन्दी, अंग्रेजी और सभी क्षेत्रीय भाषाओं में विज्ञापन के माध्यम से जन-सामान्य को ऐसे अयोग्य एवं अपंजीकृत चिकित्साभ्यासियों से सावधान रहने के लिए बार-बार चेतावनी दी हैं।

राज्य सरकारों/राज्य मंडलों/ परिषदों को जन-हित में इस मामले में सक्रिय भूमिका अदा करना चाहिए। अयोग्य/अपंजीकृत व्यक्तियों द्वारा चिकित्साभ्यास करना निर्दोष लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ है। यह योग्य चिकित्साभ्यासियों के चिकित्साभ्यास को भी प्रभावित करता हैं केन्द्रीय परिषद् इस मामले की गहराई तक गई थी और भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की धारा 17 में निम्न आवश्यक संशोधन करने का निर्णय लिया :-

''कोई व्यक्ति जो उपधारा (2) के विरुद्ध कार्य करता है को एक वर्ष का कठोर कारावास और 10,000/-रू० के जुर्माना से दण्डित किया जायगा। यदि वही व्यक्ति दुबारा पकड़ा जाता है तो उसे दो वर्ष का कठोर कारावास और 50,000/-रू० का जुर्माना किया जायगा। और यदि तीसरी बार पकड़ा जाता है तो वह मूल अधिकारों को भी खो देगा।

केन्द्रीय परिषद् को ऐसे व्यक्ति को स्वयं अथवा राज्य सरकार के माध्यम से न्यायालय में अपराधी बनाने का अधिकार होगा।''

इस विषय पर दीर्घ विमर्श के पश्चात् यह निर्णय लिया गया कि अपंजीकृत चिकित्साभ्यासियों द्वारा भारतीय चिकित्सा के अनाधिकृत चिकित्साभ्यास को रोकने के क्रम में यह संयुक्त बैठक उपर्युक्त कठोर दण्ड के प्रावधान से सहमति व्यक्त करती है और अनुमोदन करती है।

यह केन्द्र और राज्य सरकारों पर दण्डनीय अपराध घोषित करने जैसे प्रावधान के साथ जालसाज़ी विरोधी बिल प्रस्तुत करने के लिए भी ज़ोर देती हैं संयुक्त बैठक यह भी सुझाव देती है कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् को समस्त उपलब्ध प्रचार साधनों के माध्यम से शिक्षित करने, जागृत करने और जनमत बनाने के लिए अपने प्रयत्न तीव्र करने चाहिये।

3. भारतीय चिकित्सा के महाविद्यालयों/संस्थाओं की कुकुरमुत्ता वृद्धि पर रोक

यह अंकित किया गया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 में सम्मिलित कुछ संस्थाओं की अर्हताएं एक सीमित अवधि के लिए ही मान्य हैं। इनमें से कुछ संस्थाएं उस अवधि के पश्चात् आज भी उन अर्हताओं को प्रदान कर रही हैं। ऐसी अमान्य संस्थाओं द्वारा प्रदत्त अर्हताओं के प्रमाण-पत्रों का कोई उपयोग नहीं है। वास्तव में ऐसी संस्थाएं अपने विज्ञापनों के माध्यम से अज्ञानी जनता को धोखा देती हैं। वस्तुतः कुछ राज्य मंडलों ने ऐसी अमान्य चिकित्सा अर्हता के धारकों का पंजीयन करके उन्हें उत्साहित किया है।

इसके अतिरिक्त यह देखा गया है कि विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में असंख्य कुकुरमुत्ता संस्थाएं शुल्क के रूप में बहुत बड़ी राशि लेकर उनके द्वारा प्रदत्त उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए समाचार-पत्रों में अपने विज्ञापनों के माध्यम से अज्ञानी जनता को आकृष्ट करती है।

केन्द्रीय परिषद् ने हिन्दी, अंग्रेजी और समस्त क्षेत्रीय भाषाओं के समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम से बार-बार जन-साधारण को ऐसी संस्थाओं से सावधान किया है। जन साधारण को यह भी सूचित किया गया कि भारतीय चिकित्सा के केवल वही महाविद्यालय प्रामाणिक हैं, जो उस क्षेत्र के विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हैं।

संयुक्त बैठक के ध्यान में लाए गए उपर्युक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए सर्वसम्मति से संकल्प किया गया कि केवल विश्वविद्यालय/राज्य सरकार और भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा मान्य महाविद्यालयों को ही चलने की अनुमति दी जानी चाहिए। अन्य कुकुरमुत्ता संस्थाओं को बन्द कर दिया जाना चाहिए।

संयुक्त बैठक समुचित उपाय अपनाते हुए इस सम्बन्ध में आवश्यक प्रभावी उपाय करने के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् पर जोर डालती है।

4. भारतीय चिकित्सा के चिकित्साभ्यासियों द्वारा व्यवसायिक आचार संहिता का अनुपालन

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् ने भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की धारा 26 की उपधारा (1) एवं (2) के साथ पढ़ते हुए धारा 36 के अनुबन्ध (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय चिकित्सा के चिकित्साभ्यासियों के अनुपालनार्थ व्यवसायिक आचरण, शिष्टाचार एवं आचार संहिता के लिए "भारतीय चिकित्सा के चिकित्साभ्यासी (व्यवसायिक आचरण, शिष्टाचार एवं आचार संहिता के स्तर) विनियम 1982 बनाए और भारत के राजपत्र में अधिसूचित किए। इन्हें लागू करने के लिए राज्य सरकारों, भारतीय चिकित्सा पद्धति के समस्त राज्य मंडलों/परिषदों में परिचालित किया गया।

संयुक्त बैठक ने भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 के अधीन प्रतिपादित व्यवसायिक आचरण, शिष्टाचार एवं आचार संहिता के अनुपालन की भावना को दोहराया और सर्वसम्मति से संकल्प किया कि राज्य मंडलों/परिषदों को पंजीकृत चिकित्साभ्यासी को पंजीयन का प्रमाण-पत्र जारी करने से पूर्व इन विनियमों में संलग्न प्रपत्र "क" में हस्ताक्षरित घोषणा-पत्र प्राप्त करना चाहिए और पूर्व में पंजीकृत चिकित्साभ्यासियों से ऐसा ही घोषणा पत्र प्राप्त करने की रूपरेखा तैयार करनी चाहिए।

आगे यह सुझाव दिया जाता है कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा (क) चिकित्सीय नैतिक शिक्षण पर पर्याप्त महत्व देने हेतु भारतीय चिकित्सा पद्धति की समस्त मान्य संस्थाओं (ख) महत्त्वपूर्ण स्थानों पर घोषणा-पत्र देने के लिए समस्त जन-संस्थाओं और भारतीय चिकित्सा पद्धति के चिकित्साभ्यासियों (ग) समस्त स्तरों पर चिकित्सीय नैतिक आचरण के अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए सम्मेलन आयोजित करने हेतु राज्य मंडल/परिषद् (घ) सम्भव प्रचार माध्यमों से प्रचार करने हेतु (ङ) पंजीयन के प्रमाण-पत्र के साथ व्यवसायिक आचरण, शिष्टाचार एवं आचार संहिता की प्रति देने के लिए (च) चिकित्साभ्यासियों द्वारा निम्न स्तरीय समाचार-पत्रों में विज्ञापनों का प्रकाशन प्रतिबन्धित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु निर्देश जारी किए जावें।

5. भारतीय चिकित्सा पद्धति के शैक्षिक स्तर और उसमें एकरूपता का अनुरक्षण

परिषद् के मुख्य प्रयोजनों में से एक भारतीय चिकित्सा में शिक्षा के लिए न्यूनतम स्तर विहित करना है।

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् ने भारतीय चिकित्सा पद्धति के लिए पाठ्यविधि एवं पाठ्य विवरण सहित शिक्षा के न्यूनतम मानकों के लिए विनियम विहित किए हैं। इन विनियमों को भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया और इनके क्रियान्वयन के लिए इन्हें आयुर्वेद/यूनानी/सिद्ध की संकाय वाले समस्त विश्वविद्यालयों और भारतीय चिकित्सा पद्धति की शिक्षा देने वाली संस्थाओं को परिचालित किया गया। शनैः शनैः विश्वविद्यालयों और भारतीय चिकित्सा पद्धति के संकायों ने इन्हें अपनाया और शिक्षा के इन न्यूनत्तम मानकों को लागू किया। वर्तमान में भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा विहित पाठ्यक्रम के अतिरिक्त भारतीय चिकित्सा पद्धति का कोई अन्य स्नातकीय पाठ्यक्रम नहीं है।

सम्पूर्ण देश में शिक्षा की एक ही पद्धति को लागू करने के उद्देश्य से केन्द्रीय परिषद् ने स्नातकोत्तर शिक्षा के न्यूनतम मानक भी विहित किए हैं। तद्नुसार कुछ संस्थाओं ने अपने विभागों को विकसित किया है और भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा विहित विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया है। वर्तमान में आयुर्वेद के 24, यूनानी के 2, और सिद्ध की 1 संस्थाओं ने भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा विहित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के ढांचे को अपनाया है।

संयुक्त बैठक ने शिक्षा के न्यूनतम मानकों के क्रियान्वयन सम्बन्धी कार्यक्रम लागू करने की भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् की नीति का समर्थन किया और सर्वसम्मति से संकल्प किया कि विहित मानदण्डों का अनुसरण नहीं करने वाली संस्थाओं को स्वास्थ्य सचिव, निदेशक, भारतीय चिकित्सा पद्धति और सम्बन्धित विश्वविद्यालयों को सूचना देते हुए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की धारा 21 के अधीन नोटिस दिया जाय और आगे जोर दिया

कि किसी भी स्थिति में किसी भी विषय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आरम्भ करने की अनुमति तब तक नहीं दी जाये जब तक संस्था भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा स्नातक पाठ्यक्रम के लिए विहित मानदण्डों एवं मानकों को पूरा नहीं करती है।

6. भारतीय चिकित्सा के केन्द्रीय रजिस्टर का रख-रखाव

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की धारा 23 के अनुसार केन्द्रीय परिषद् निर्धारित ढंग से भारतीय चिकित्सा का रजिस्टर जो भारतीय चिकित्सा का केन्द्रीय रजिस्टर के नाम से जाना जायेगा रखेगी जिसमें उन समस्त व्यक्तियों के नाम होंगे जो फिलहाल भारतीय चिकित्सा के किसी राज्य रजिस्टर में नामावलिगत हैं और कोई मान्य चिकित्सीय अर्हता के धारक हैं।

इस सम्बन्ध में यह सूचित किया गया कि वर्ष 1986 तक भारतीय चिकित्सा के केन्द्रीय रजिस्टर को तैयार करने का कार्य प्रगति पर है। आसाम, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर तथा उड़ीसा का केन्द्रीय रजिस्टर जुलाई और दिसम्बर, 1990 में भारत के राजपत्र में प्रकाशित हो चुका है। आन्ध्र-प्रदेश, तमिलनाडु,पंजाब, हिमाचल-प्रदेश और पश्चिम बंगाल राज्यों के केन्द्रीय रजिस्टर राजपत्र में अधिसूचना के लिए भेजे जा चुके हैं। दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक और बिहार राज्य के केन्द्रीय रजिस्टर का कार्य हाथ में है और फरवरी 1991 के दौरान राजपत्र में अधिसूचना के लिए भेजा जाना सम्भावित है। यह भी आशा है कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्य के केन्द्रीय रजिस्टर तैयार करने के बाद जून 1991 तक भेज दिया जायेगा।

केरल और उत्तर-प्रदेश राज्य के राज्य रजिस्टर पूर्ण सूचना के साथ बार-बार अनुस्मारक भेजने पर भी अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं। अतः इन राज्यों के केन्द्रीय रजिस्टर तैयार करना सम्भव नहीं है। यहां तक कि बिहार से भी अभी तक पूर्ण प्रति प्राप्त नहीं हुई है।

यह अंकित किया गया कि एक बार वर्ष 1986 तक का केन्द्रीय रजिस्टर भारत के राजपत्र में अधिसूचित हो जाता है तो आगे वर्ष 1990 तक का केन्द्रीय रजिस्टर तैयार करने का कार्य हाथ में लिया जायेगा।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए राज्य मंडलों/परिषदों को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1970 की धारा 24 के अनुसार भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा निर्धारित प्रपत्र में भारतीय चिकित्सा के राज्य रजिस्टर की तीन मुद्रित प्रतियां (द्विभाषी) समय पर भेजनी चाहिये।

संयुक्त बैठक ने भारतीय चिकित्सा पद्धति के चिकित्साभ्यासियों के लिए भारतीय चिकित्सा के केन्द्रीय रजिस्टर को तैयार करने के लिए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् द्वारा किए गए प्रयत्नों की सराहना की और सर्वसम्मति से संकल्प किया कि सजीव (स्पष्ट) राज्य रजिस्टरों को बनाने के लिए राज्य मंडलों/परिषदों के स्तर पर मशीनरी और रीति तैयार की जानी चाहिये और आगे सुझाव दिया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् की अनुसूची के अनुसार उसे पूर्ण प्राप्त करने के लिए समुचित उपाय करना चाहिये।

केन्द्रीय सरकार ने केन्द्रीय परिषद् के परामर्श पर भारतीय चिकित्सा पद्धति की चिकित्सीय

अर्हताओं को भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया और उन्हें भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 की द्वितीय एवं चतुर्थ अनुसूची में समाविष्ट किया। वर्ष के दौरान विश्वविद्यालयों/संस्थाओं द्वारा प्रदत्त उनके सम्मुख उल्लिखित निम्न चिकित्सीय अर्हताओं को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 की द्वितीय एवं चतुर्थ अनुसूची में समाविष्ट किया गया :–

द्वितीय अनुसूची

क्रम संख्य	प्रदाय/निकाय का नाम	अर्हता	वर्ष	
1.	रविशंकर विश्वविद्यालय	डाक्टर आफ आयुर्वेदिक मेडीसिन,	डी. आयु. एम.	1977 से 1978 तक
		डाक्टर ऑफ मेडीसिन (आयुर्वेद)		1979 से 1981 तक
		आयुर्वेद वाचस्पति एम. डी. आयुर्वेद (काय चिकित्सा)		1982 से आगे
2.	पूना विश्वविद्यालय, पुणे	कामिले-तिब्बो-जराह (बैचलर आफ यूनानी मेडीसिन एण्ड सर्जरी)	बी. यू. एम. एस.	1988 से आगे

चतुर्थ अनुसूची

1.	राजकीय देशी चिकित्सा महाविद्यालय कोलम्बो विश्वविद्यालय, श्री लंका	डिप्लोमा इन इन्डीजिनस मैडीसन एण्ड सर्जरी (आयुर्वेद/सिद्ध/यूनानी)	डी.आई.एम.एस	1960 तक
		डिप्लोमा इन आयुर्वेदिक मैडीसिन एण्ड सर्जरी (आयुर्वेद/यूनानी/सिद्ध)	डी. ए. एम. एस.	1961 से 1976 तक
2.	देशी चिकित्सा संस्था, कोलम्बो विश्वविद्यालय, श्री लंका	डिप्लोमा इन आयुर्वेदिक मैडीसिन एण्ड सर्जरी (आयुर्वेदिक/यूनानी)	डी. ए. एम. एस.	1977 से 1987 तक

	डिप्लोमा इन आयुर्वेदिक मैडीसिन एण्ड सर्जरी (सिद्ध)	डी. ए. एम. ए.	1977 से 1984 तक
3. जाफना विश्वविद्यालय, श्री लंका	डिप्लोमा इन आयुर्वेदिक मैडीसिन एण्ड सर्जरी (सिद्ध)	डी. ए. एम. एस.	1984 से 1987 तक

केन्द्रीय परिषद् द्वारा निर्धारित विभाग, शिक्षक वर्ग, छात्र-शय्या अनुपात, प्रयोगशाला सुविधाएं, पुस्तकालय सुविधाएं, भवन, वनौषधि उद्यान, भैषज शाला और आतुरालय सुविधाओं आदि से सम्बन्धित न्यूनतम स्तरों एवं आवश्यकताओं की उपलब्धता का निर्धारण करने के लिए परिषद् अपने परिदर्शकों के माध्यम से परिदर्शन द्वारा भारतीय चिकित्सा पद्धति के महाविद्यालयों/संस्थाओं के न्यूनतम स्तरों को बनाए रखती है।

केन्द्रीय परिषद् ने अंकित किया कि भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् के कर्मचारियों के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवाएं स्कीम लागू कर दी गई है। केन्द्रीय परिषद् ने सरकार का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए अध्यक्ष द्वारा किए गए प्रयत्नों को अभिलिखित किया।

केन्द्रीय परिषद् ने निर्णय लिया कि विभिन्न वर्गों के अधीन विभिन्न पदों पर विद्यमान पदस्थों की क्रमोन्नति के लिए प्रथमतः कार्यालय द्वारा एक विस्तृत योजना तैयार की जाये ताकि एक ही पद पर 18 वर्ष से अधिक समय से परिषद् में कार्यरत विद्यमान पदस्थों की पदोन्नति के अवसर उपलब्ध करवाए जा सकें।

केन्द्रीय परिषद् ने अंकित किया कि केन्द्रीय परिषद् के लेखाकार का वेतनमान कार्यकारिणी समिति द्वारा दिनांक 1–10–84 को सम्पन्न बैठक में संशोधित किया गया था परन्तु संशोधित वेतनमान 1–4–86 से लागू किया गया। केन्द्रीय परिषद् ने कार्यकारिणी समिति की बैठक की तिथि अर्थात् 1–10–84 से लेखाकार को संशोधित वेतनमान देने का संकल्प लिया।

केन्द्रीय परिषद् ने सहायक निबन्धक (आयुर्वेद एवं यूनानी) को 2000–3500 से 2200–4000 का संशोधित वेतनमान दिया।

केन्द्रीय परिषद् ने सहायक निबन्धक (प्रशासन) और (पंजीयन) को क्रमशः 2–1–86 और 1–1–87 से रु. 2000–3500 से रु. 2200–4000 का संशोधित वेतनमान दिया क्योंकि इन दोनों सहायक निबन्धकों द्वारा किया जा रहा कार्य बहुत महत्त्वपूर्ण और उत्तरदायित्व का है। इसके अतिरिक्त उनका उत्तरदायित्व उनके पद के वेतनमान से अधिक महत्त्वपूर्ण प्रकृति का है।

केन्द्रीय परिषद् ने उचित प्रक्रिया द्वारा एच. सी. एल. लिमिटेड से रु. 1.47 लाख के कम्प्यूटर की खरीद को अंकित किया और उसे अनुमोदित किया।

केन्द्रीय परिषद् ने अंकित किया कि सामान्य भविष्य निधि के लिए कर्मचारियों के अंशदान पर ब्याज सहायता अनुदान (योजना एवं गैर-योजना) से लिया गया है। लेखा परीक्षा 1989–90 की लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में इंगित किया गया कि आय-व्यय लेखा के व्यय की ओर 40,657/-रु. की राशि सामान्य भविष्य निधि के शीर्ष के अधीन दर्शाई गई थी। यह व्यय ब्याज का प्रतिनिधित्व करता है जो अशंदाता के लेखा में जमा की गई और 1989–90 के सरकार के योजना अनुदान से परिवर्तित की गई। इस व्यय को योजना और गैर-योजना से अनुपातिक रूप से लिया जाना था।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को 13–3–90 को गैर-योजना के अधीन अतिरिक्त अनुदान के लिए अनुरोध किया गया था परन्तु सरकार ने योजना के अधीन राशि दी। अतः योजना और गैर-योजना के लिए सामान्य भविष्य निधि का कुल ब्याज योजना में से लिया गया। केन्द्रीय परिषद् ने इसे अनुमोदित किया।

केन्द्रीय परिषद् ने वर्ष 1987–88 के लिए वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा परीक्षित लेखा की 300 प्रतियों के मुद्रण पर हुए व्यय रु० 16906/- को अनुमोदित किया जैसा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के आन्तरिक लेखा परीक्षा पार्टी ने सितम्बर 199० में लेखा परीक्षा के दौरान इच्छा व्यक्त की थी।

बजट के स्रोत	गैर-योजना	योजना
1990–91 का संशोधित प्राक्कलन (परिषद् द्वारा अनुमोदित)	15,56,785.76	8,43,154.79
1990–91 का संशोधित प्राक्कलन (मंत्रालय द्वारा जारी किया गया)	14,50,000.00	7,50,000.00
1990–91 का बजट प्राक्कलन (परिषद् द्वारा अनुमोदित)	19,79,200.00	39,00,000.00
1990–91 का बजट प्राक्कलन (मंत्रालय द्वारा स्वीकृत)	15,00,000.00	6,00,000.00

केन्द्रीय परिषद् ने रु० 162.73 लाख राशि की आठवीं पंचवर्षीय योजना 1990–95 को और 1991–92 की रु० 10.30 लाख की राशि की वार्षिक योजना, जिसे पहले ही भारत सरकार को भेजा जा चुका है, को अनुमोदित किया।

केन्द्रीय परिषद् एक लघु संगठन है तथापि यह सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक सावधानी रखी जाती है कि विभिन्न संवर्गों के लिए भारत सरकार द्वारा किया गया आरक्षण बनाए रखा जाये। केन्द्रीय परिषद् ने 35 कर्मचारियों में से विभिन्न संवर्गों के लिए किया गया आरक्षण निम्नवत् है :–

अनुसूचित जाति	4
अनुसूचित जन जाति	1
विकलांग	2
भूतपूर्व सैनिक	1

गोपनीय

कार्यालयः प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा,
केन्द्रीय राजस्व-I
नई दिल्ली-110002

संoओ ए डी/IV/एस ए आर/सीoसीoआईoएमo/91-92 दिनांक

सेवा में,

सचिव, भारत सरकार,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली।

विषयः- वर्ष 1990-91 के लिए भारतीय चिकित्सा केन्दीय परिषद् नई दिल्ली पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

महोदय,

